TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

14 अगस्त 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षक को बच्चों के मन में उत्सुकता, जिज्ञासा और स्वप्न देखने की शक्ति का संचार करना चाहिए।

**डॉ. एस. सिद्धार्थ**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

## बाम्बें हाई कोर्ट स्थापना दिवस 14 अगस्त




मुंबई हाई कोर्ट भारत के तीन उच्च न्यायालय में से एक है, जिसे क्वीन विक्टोरिया द्वारा दिए गए लेटर्स पेटेंट द्वारा प्रेसिडेंसी टाउन में स्थापित किया गया था जिसकी तारीख 26 जून 1832 थी। इसका उद्घाटन 14 अगस्त 1862 को उच्च न्यायालय अधिनियम के तहत किया गया। बाम्बे हाई कोर्ट, फोर्ट,मुंबई उच्च न्यायालय की वर्तमान इमारत पर काम अप्रैल 1871 मे शुरू हुआ और नवंबर 1878 में पूरा हुआ। इसे ब्रिटिश इंजीनियर कर्नल जेम्स ए फुलर द्वारा डिजाइन किया गया था। इस इमारत में पहली बैठक 10 जनवरी 1879 को हुई थी। न्यायमूर्ति एमसी छागला स्वतंत्रता के बाद बांम्बे उच्च न्यायालय के पहले मुख्य न्यायाधीश थे। यह 562 फीट (171मीटर) लंबा और 187 फीट(57 मीटर) चोड़ा है। केन्द्रीय मीनार के पश्चिम में दो अष्टकोणीय मीनारें है। इस इमारत के ऊपर न्याय और दया की मूर्तियां हैं। 2016 में यह घोषणा की गई थी, बांम्बे हाई कोर्ट के परिसर को बांन्दा कुर्ला कॉम्पलेक्स में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इमारत की 125वीं वर्षगांठ को स्थानीय इतिहासकार राहुल मेहरोत्रा और शारदा द्विवेदी द्वारा "द बाम्बें हाई कोर्ट: द स्टोरी ऑफ द बिल्डिंग -1878-2003"नामक बार एसोसिएशन द्वारा कमीशन की गई एक पुस्तक के विमोचन द्वारा चिन्हित किया गया था।

# Teachers of Bihar

The change makers

## जयंती विशेष 14 अगस्त




**कुलदीप नैयर** *Kuldip Nayar*, जन्म: 14 अगस्त 1924; मृत्यु- 23 अगस्त, 2018, दिल्ली) भारत के प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार थे। भारत सरकार के प्रेस सूचना अधिकारी के पद पर कई वर्षों तक कार्य करने के बाद वे यू. एन. आई, पी. आई. बी. 'द स्टैट्समैनं 'इण्डियन एक्सप्रेस' के साथ लम्बे समय तक जुड़े रहे। कुलदीप नैयर 25 वर्षों तक 'द टाइम्स' लन्दन के संवाददाता भी रहे।

# Teachers of Bihar

*The change makers*

## ToB MATH TLM 2

## अभाज्य संख्या(Prime number)

**1** से बड़ी वे संख्यायें,जो स्वयं तथा **1** के अलावा किसी अन्य से विभाजित नहीं हो, वे संख्याएं अभाज्य संख्या कहलाती है।

**जैसे-2,3,5,7,11,13 इत्यादि।**

- **2 एक मात्र अभाज्य संख्या है जो सम संख्या है।**
- **सबसे छोटी अभाज्य संख्या 2 है।**
- **1 से 100 के बीच 25 अभाज्य संख्याएं है।**

## सह-अभाज्य संख्या (Co-Prime Number)

**उन दो प्राकृतिक संख्याओं को सह -अभाज्य संख्या कहते हैं, जिनका म.स 1 होता है।**

**जैसे-(2,3),(6,7),(20,21)**

### जुड़वां अभाज्य संख्या-Twin Prime Number

**वे दो लगातार अभाज्य संख्याएं जिनके बीच केवल एक भाज्य संख्या हो, जुड़वां अभाज्य संख्या कहलाती है।**

**जैसे-(3और 5),(11और 13)**

**1 से 100 के बीच की जुड़वां अभाज्य संख्याएं हैं-**

**(3,5),(5,7),(11,13),(17,19),(29,31),(41,43),(59,61),(71,73)**

/teachersofbihar

Anu priya, Science Teacher

Teachers of Bihar

The Change Makers

हिंदी TLM

# संज्ञा

"किसी व्यक्ति, वस्तु , स्थान , भाव, गुण, धर्म आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं।"


## भेद

| | |
|---|---|
| व्यक्ति-वाचक संज्ञा | व्यक्ति विशेष का बोध |
| जाति वाचक संज्ञा | विशेष जाति का बोध |
| भाव वाचक संज्ञा | भाव गुण, दशा का बोध |
| समूह वाचक संज्ञा | संपूर्ण समूह का बोध |
| द्रव्य वाचक संज्ञा | नाप, तौल वाली वस्तु का बोध |

पुनीता कुमारी

TOB
खेल कॉर्नर

# कप्तान के तौर पर डेब्यू टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक



# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.08.2025

## बच्चों में चिंता विकार

बच्चों में चिंता विकार एक आम मानसिक स्वास्थ्य समस्या है जो बच्चों और किशोरों को प्रभावित करती है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें बच्चे अत्यधिक चिंतित, भयभीत या बेचैन महसूस करते हैं, जिससे उनके दैनिक जीवन में बाधा आ सकती है। चिंता विकार कई अलग-अलग रूपों में प्रकट हो सकते हैं, जैसे कि सामान्यीकृत चिंता विकार, सामाजिक चिंता, अलगाव चिंता, और विशिष्ट भय।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भट्टे पर काम करने वाले मजदूर के बेटे **सफीन हसन** ने सिर्फ 22 साल की उम्र में **IPS अफसर** बनकर इतिहास रच दिया। वह देश के सबसे युवा **IPS अधिकारी** हैं। उनकी यह सफलता **मेहनत** और हौसले की मिसाल है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### कोहड़ा



मुझमें vit.A,C,E,
बीटा कैरोटिन,
कार्बोहाइड्रेट, फाइबर,
राइबोफ्लेविन,
पोटेशियम,कॉपर
मैंगनीज पाया जाता
है।

Anu priya

Teachers Of Bihar

# आओं सीखें

## ध्वजारोहण(Flag Hoisting)


15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस वाले दिन राष्ट्रीय ध्वज को ऊपर खींचा जाता है और फिर फहराया जाता है। इसे ध्वजारोहण कहा जाता है। इस दिन आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री शामिल होते हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ही ध्वजारोहण करते हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली के लाल किले पर होता है।



VS


## झंडा फहराना(Flag Unfurling)


26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस वाले दिन राष्ट्रीय ध्वज ऊपर बंधा रहता है। उसे खोलकर फहराया जाता है जिसे झंडा फहराना कहते हैं। इस दिन आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में देश के राष्ट्रपति शामिल होते हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति झंडा फहराते हैं। वहीं गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली के कर्तव्य पथ (पूर्व में राजपथ ) पर होता है।



संक्षेप में :-

- प्रधानमंत्री देश के राजनीतिक प्रमुख होते हैं जबकि राष्ट्रपति संवैधानिक प्रमुख। देश का संविधान 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ। उससे पहले न देश में संविधान था और न राष्ट्रपति। इसी वजह से हर साल 26 जनवरी को राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
"
कभी की जा चुकी नीचे
यहां की वेदनाएँ
नये स्वर के लिए तू क्या
गगन को छानता है?
रामधारी सिंह दिनकर
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya



14
अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत के प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार
कुलदीप नैयर
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
14 अगस्त 1923 - 23 अगस्त 2018
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


विभाजन
विभीषिका
स्मृति दिवस
14 अगस्त
भारत के इतिहास का वह काला दिन जब चंद नेताओं की राजनीतिक जिद व महत्त्वकांक्षाओं से उपजे "भारत के विभाजन" ने लाखों घर उजाड़ दिये और लाखों जीवन छीन लिए
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar



14 अगस्त 1862

भारतीय न्यायपालिका के अंतर्गत के प्रदेश स्तरीय न्यायलय

# बंबई उच्च न्यायलय

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEADERS OF BIHAR

REG. NO. BR/2025/0487469

# INDEPENDENCE DAY
# QUIZ
# COMPETITION

**TIME :-** 15-16 AUGUST 2025

**FREE**

**CERTIFICATE**




**Scan To Participate Now**


+91 7250818080
www.teachersofbihar.org